दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

SJT

वर्ष-11, अंक-332 शुक्रवार 02 दिसम्बर, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## अग्रवाल कॉलेज में मनाया विश्व एड्स दिवस

बल्लभगढ़, 01 दिसम्बर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में वीरवार को कॉलेज के रेड रिबन क्लब और यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरुकता को लेकर कॉलेज के 67 वालंटियर्स द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर इस असाध्य रोग के प्रति एकजुटता से लड़ने का संदेश दिया गया।



इस अवसर पर एक वार्ता का भी आयोजन किया गया जिसमें पंकज नागर, काउंसलर (इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर, सिविल हॉस्पिटल, बल्लबगढ़) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कॉलेज के वॉलंटियर्स को संबोधित करते हुए एचआईवी एड्स संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में एड्स के कारणों और उपचारों के बारे में भी चर्चा की गई। कॉलेज प्राचार्य महोदय ने एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का प्रचार एवं प्रसार करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छमा एम. एस.सी. गणित फाइनल ने प्रथम, भूमिका बी.कॉम ऑनर्स सेकंड ईयर ने दूसरा तथा ईशा गोयल बी.कॉम ऑनर्स सेकंड ईयर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में आंचल एम. एस.सी. गणित फाइनल ने प्रथम, रश्मि एम. ए. अर्थशास्त्र प्रीवियस ने दूसरा तथा भावना एम. एस.सी. गणित फाइनल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. जयपाल सिंह (संयोजक, रेड रिबन क्लब) की देखरेख में पूजा, सुभाष कैलोरिया, लवकेश, काउन्सलर, यूथ रेड क्रॉस और नेहा गोयल (काउन्सलर, रेड रिबन क्लब) व डॉ. देवेंद्र, काउंसलर, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड द्वारा संपन्न किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने आयोजन समिति व विजेताओं को बधाई दी।